प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी भोपाल
दिनांक– 18/08/2024 समयः 7.10पीएम

मुख्य समाचार :–

- कोलकता के महिला डॉक्टर मामले में सर्वोच्च न्यायालय 20 अगस्त को करेगा सुनवाई।
- मुख्यमंत्री ने उज्जैन में रक्षाबंधन के कार्यक्रमों में लिया हिस्सा। कहा–बहनों के आषीर्वाद से प्रदेष को बनाएंगे नम्बर वन।
- केन्द्रीय मंत्री षिवराज सिंह चौहान सीहोर जिले में किसान तिरंगा यात्रा में हुए षामिल।
- सावन मास के पांचवे सोमवार कल बाबा महांकाल की षाही सवारी के लिये उत्साह चरम पर, मुख्यमंत्री होंगे षामिल।

सर्वोच्च न्यायालय–कोलकाता

सर्वोच्च न्यायालय ने कोलकाता में एक महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश धनंजय चंद्रचूड, न्यायाधीश जमशेद पार्दीवाला और मनोज मिश्रा 20 अगस्त को इस मामले की सुनवाई करेंगे। इस महीने की 9 तारीख को कोलकाता के राधा गोविंद कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सेमिनार हॉल में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की घटना हुई थी। इस घटना के एक दिन बाद कोलकाता पुलिस ने इस मामले में एक स्वयं सेवक को गिरफ्तार किया था। इस घटना को लेकर पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। देश के डॉक्टर इस मामले में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। 13 अगस्त को कलकत्ता उच्च न्यायालय ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो को इस मामले की जांच करने के निर्देश दिए।

राष्ट्रपति रक्षाबंधन पर्व

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा है कि रक्षाबंधन भाईयों और बहनों के बीच के अनोखे बंधन का एक त्योहार है। यह त्योहार भाई–बहन के बीच परस्पर विश्वास और प्रेम को सशक्त बनाता है।

मुख्मयंत्री–रक्षाबंधन कार्यक्रम–उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बहनों के अशीर्वाद से मध्य प्रदेश को देश का नम्बर वन राज्य बनायेंगे। मुख्यमंत्री आज उज्जैन के रघुनन्दन गार्डन पंवासा, सुमन गार्डन एवं शिवांजली गार्डन में आयोजित लाड़ली बहना रक्षाबंधन कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने बहनों से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत का परचम पूरी दुनिया में लहरा रहा है। दुनिया भारत देश एवं भारतीय संस्कृति की ओर देख रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का समाज के साथ सरोकार होना चाहिये। सरकार को समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना चाहिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन त्यौहार के पहले ही सरकार ने प्रदेश की एक करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खाते में रक्षाबंधन शगुन के रूप में 250

रुपये की राशि जमा कराई है। मुख्यमंत्री कई अन्य जगहों पर आयोजित रक्षा बंधन के कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं।

इंदौर–हमले पर कार्रवाई

इंदौर शहर में राजस्व अधिकारियों पर सुरक्षा गार्डों से गोलियां चलवाने के आरोपी के घर के अवैध हिस्से पर आज प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए ढहा दिया है। पुलिस, नगर निगम और प्रशासन की टीम सुबह 5 बजे कार्रवाई करने पहुंच गई थी। कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि फायरिंग करने वाले आरोपित व अन्य के खिलाफ रासुका की कार्रवाई की जा रही है। 14 अगस्त को तहसीलदार, नायब तहसीलदार और पटवारी जब अरबिंदो हॉस्पिटल की जमीन से अवैध कब्जा हटाने पहुंचे थे तब उन पर हमला किया गया था।

तिरंगा यात्रा– शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज सीहोर जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। श्री चौहान इछावर पहुंचे ... इस दौरान मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कई घोषणाएं की उन्होंने कहा कि लाडली बहनों की अगली मंजिल अब उन्हें लखपति दीदी बनाया है। उन्होंने कहा कि देश की 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प के तहत आगामी 25 तारीख को महाराष्ट्र के जलगांव में 11 लाख बेटियों को लखपति प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण युवाओं को रोजगार से जोडने के लिए शहरों की तर्ज पर गावों में भी स्ट्रीट वेल्डर योजना शुरू की जाएगी। श्री चौहान ने कहा कि सीहोर जिले के जो गांव नर्मदा लिंक सिचाई परियोजना में छूट गए हैं उन्हें भी योजना में शामिल कर वहां के किसानों को पानी उपलब्ध कराया जाएगा। केंद्रीय मंत्री किसानों के साथ इछावर से भेरुंदा तक तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उनका कई जगहों पर स्वागत किया गया। यात्रा के मार्ग में कई जगह श्री चौहान को महिलाओं ने राखी बांधी।

महाकाल सवारी

श्रावण–भादौ मास के पांचवें सोमवार को कल भगवान महाकाल नगर भ्रमण पर निकलेंगे और पांच स्वरूप में दर्शन देंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी सवारी में शामिल होंगे। पालकी में चंद्रमौलेश्वर, गजराज पर मन महेश, गरूड़ रथ पर शिव तांडव, नंदी रथ पर उमा महेश तथा डोल रथ पर होलकर स्टेट का मुखारविंद विराजीत रहेगा। पालकी अपरांह 4 बजे पूजन पश्चात नगर भ्रमण पर निकलेगी।

श्रद्धालुओं के लिये चलित रथ के माध्यम से दर्षन करने की व्यवस्था की गई है। रक्षाबंधन के पर्व पर निकलने वाली इस सवारी को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि इस षाही सवारी के लिए एक अलग ही उत्साह नजर आएगा।

मप्र जनजातीय संग्रहालय–संभावना

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय भोपाल में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि "संभावना" का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आज टीकमगढ़ के पुष्पेंद्र साहू एवं साथियों, द्वारा बुन्देली बधाई नृत्य एवं दादूलाल डांडोलिया एवं साथी, छिंदवाड़ा द्वारा भारिया जनजातीय रमढोल नृत्य की प्रस्तुति दी गई। संग्रहालय में रविवार आयोजित होने वाली इस गतिविधि में मध्यप्रदेश के पांच लोकांचलों एवं सात प्रमुख जनजातियों की बहुविध कला परंपराओं की प्रस्तुति के साथ ही देश के अन्य राज्यों के कलारूपों को देखने समझने का अवसर भी जनसामान्य को प्राप्त होता है।

बारिष/मौसम

बंगाल की खाड़ी में बने एक और सिस्टम से प्रदेश में 19 अगस्त से तेज बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग ने सिंगरौली, पन्ना, कटनी और अनूपपुर में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। मानसून ट्रफ प्रदेश के शिवपुरी, सीधी होकर गुजर रही है। बंगाल की खाड़ी में यह लो प्रेशर एरिया के रूप में बदल गई है। इसका असर सोमवार से प्रदेश में ज्यादा दिखाई देगा। साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से भी बारिश का दौर बना रहेगा। इस बीच प्रदेष में नर्मदापुरम और जबलपुर संभाग के कुछ स्थानों और षहडोल संभाग के अधिकांष स्थानों पर बारिष दर्ज की गई। षहडोल जिले में बीते दो दिनों से लगातार बारिष हो रही है, जिससे निचले स्थानों में पानी भर गया है। जिले में अबतक 7 सौ मिलीमीटर से अधिक बारिष हो चुकी है।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 22 अगस्त को श्योपुर जिले के आदिवासी विकासखण्ड कराहल में तेदूपत्ता संग्राहको को बोनस राशि का वितरण करेंगे।
- मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्यालय जबलपुर में आयोजित समारोह में सतना ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस उप संभाग को उत्कृष्ठ कार्य दक्षता के लिए प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करने पर पुरस्कृत किया गया।
- इंदौर जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय मानपुर में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि 16 सितम्बर है। इच्छुक विद्यार्थी www.navodaya.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
- एडिप योजना के तहत शिवपुरी जिले में दिव्यांगजनो हेतु एक दिवसीय विशेष पुनर्मूल्यांकन परीक्षण शिविर 28 अगस्त को मानस भवन गांधी पार्क में होगा।

--------------------